दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित **'B++'** श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 03.03.2025

प्रकाशनार्थ

दिनांक 03.03.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नाकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के वाणिज्य विभाग में एक कार्यशाला ''इम्पैक्ट ऑफ़ फाइनेंसियल लिटरेसी ऑन एम्प्लॉयमेंट'' विषय पर आयोजित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. जियाउल हक, सदस्य, एन.आई.यस.एम. ने कहा कि वित्तीय साक्षर व्यक्ति, वित्तीय निर्णय लेने, नुकसान से बचने और अधिक वित्तीय स्थिरता और सुरक्षा प्राप्त करने में मदद करती है। उन्होंने यह भी बताया कि किसी निवेशक के साथ किसी प्रकार की कोई फ्राड हो गया हो तो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड की स्कोर्स के बेबसाइट पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

कार्यक्रम के दूसरे वक्ता डॉ. अभय कुमार मालवीय ने कहा कि वित्तीय साक्षरता महत्वपूर्ण है क्योंकि यह व्यक्तियों को अपने वित्त का कुशलता पूर्वक प्रबंधन करने के लिए आवश्यक जानकारी और कौशल प्रदान करती है।

वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ. संजीव कुमार सिंह ने बताया कि वित्तीय साक्षरता के अध्ययन करके व्यक्ति अहम कौशल विकसित कर लेता है जिससे, व्यवसाय एवं रोजगार को बढ़ावा मिलता है।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ज्ञापन वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य, डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता ने किया एवं कार्यक्रम में डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी, डॉ.चंडी प्रसाद पाण्डेय, श्री दीपक कुमार साहनी एवं वाणिज्य विभाग के समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क